E-mail : eejalgraminbanda@gmail.com
Mob. : +91 9473941981

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,

गेट न0–2, जल शोधन संयन्त्र परिसर, भूरागढ़, बाँदा, पिनकोड–210001

पत्रांक :– 471 / W-08 / 21 दिनाँक :– 29 / 05 / 2026

सेवा में,
जिलाधिकारी महोदय,
बॉदा।

विषय :– **दैनिक समाचार एजेन्सी "यूपी टाइम्स न्यूज" के ई–समाचार में दिनांक 28.05.2026 में प्रकाशित शीर्षक"बॉदा पाइप लाइन चोक होने के कारण बॉधित जखौरा की सप्लाई" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार एजेन्सी "यूपी टाइम्स न्यूज" के ई–समाचार में दिनांक 28.05.2026 में प्रकाशित शीर्षक"बॉदा पाइप लाइन चोक होने के कारण बॉधित जखौरा की सप्लाई" के सम्बन्ध में आख्या निर्धारित प्रारूप पर संलग्नकर सादर प्रेषित है।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्नक :– उपरोक्तानुसार।

भवदीय
Digitally signed by
VIMAL KUMAR VERMA
Date: 29-05-2026
13:09:02
(विमल कुमार वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनाँक उपरोक्तानुसार।

**प्रतिलिपि** :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता, (बुन्देलखण्ड क्षेत्र) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झांसी।
5. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बांदा।
6. अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), बाँदा।
7. जिला सूचना अधिकारी, बॉदा।

अधिशासी अभियन्ता

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बॉदा

## दैनिक समाचार एजेन्सी "यूपी टाइम्स न्यूज" के ई–समाचार में दिनांक 28.05.2026 में प्रकाशित शीर्षक "बॉदा

| क0 सं0 | जनपद का नाम | समाचार पत्र एवं दिनॉक | प्रकाशित शीर्षक | आख्या | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 4 | | & |
| 1 | बॉदा | "यूपी टाइम्स न्यूज" के ई–समाचार में दिनांक 28.05.2026 | "बॉदा पाइप लाइन चोकेज होने के कारण बॉधित जखौरा की सप्लाई" :– हर घर जल योजना के तहत जहॉ एक तरफ सरकार घर–घर पानी पहुॅचाने का दावा कर रही है। वहीं भीषण गर्मी में ग्रामीण बूंद–बूंद पानी के लिए तरस रहे है। पाइप लाइन पूरी तरह से चोक है, जिससे पानी की सप्लाई बॉधित बनी हुयी है। जनपद के मटौंध क्षेत्र के अन्तर्गत जखौरा के ग्रामीण रोहित त्रिपाठी, विजय सर्विना, प्रांशु, जय सिंह, प्रतीक्षा सिंह, कुलदीप, मानसी, विकास, अभिषेक, अरविन्द, राजू, अवधेश कुमार, नीरज, जय सिंह, सुंदर, रामबाबू, धर्मेन्द्र, मोहन सिंह, महेश, आशीष, विकास आदि ने बताया कि हर घर नल योजना के तहत पाइप लाइन डाली गयी थी। लेकिन पाइप लाइन जगह–जगह चोक है। जिससे घरों तक पानी नही आ रहा है। कई बार अधिकारियों से शिकायत भी की, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नही हुआ है। जिससे वह अत्यधिक परेशान है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से मॉग की है कि चोक पाइप लाइनों को शीघ्र दुरूस्त कराया जाए। जिससे घरों तक पानी आ सकें। उन्होनें यह भी बताया कि पाइप लाइन चोक होने के कारण जल की आपूर्ति सही से नही हो पा रही। तथा कई जगह पानी ही नहीं आ रहा तथा दिन में एक ही बार पानी आ रहा है। अगर कुछ आता भी है तो पानी की सप्लाई सही नहीं रहती है। पानी पीने की बात तो दूर अन्य उपयोग के काम भी नही आता है। | जनपद बॉदा में जल जीवन मिशन अन्तर्गत अमलीकौर ग्राम समूह पेयजल योजना से आच्छादित ग्राम जखौरा में शिरोपरि जलशय क्षमता (50 कि0ली0 / 10 मी0) का निर्माण कर 4620 मी0 पाइप लाइन बिछाकर 187 नग गृह जल संयोजन के माध्यम से नियमित पेयजलापूर्ति की जा रही है। पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी रोड की ट्रेंच 1507 मी0 का शत्–प्रतिशत पुर्नस्थापन कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। खबर में अंकित ग्रामीणों श्री रोहित त्रिपाठी व अन्य के दरवाजे पाइप लाइन में चोकेज के कारण पेयजलापूर्ति बॉधित थी, जिसके पाइप लाइन चोकेज मरम्मत का कार्य प्रगति पर है (फोटोग्राफ संलग्न) एवं 02 दिवस में पूर्ण कर पेयजलापूर्ति सुचारू कराया जाना लक्षित है। | – |

अधिशासी अभियन्ता


GPS Map Camera
Mataundh, Uttar Pradesh, India
C5m5+6fr, Mataundh, Uttar Pradesh 210001, India
Lat 25.432717° Long 80.15943°
Thursday, 28/05/2026 11:03 AM GMT +05:30
Google